# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

**Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University**

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


**पत्रांकः** 4344 **/वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0/2023** **दिनांकः** 24/ **02/2024**

सेवा में,

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ओंकार सिंह मा0 कुलपति, वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सत्येन्द्र सिंह, कुलसचिव, वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | सदस्य |
| 3. | श्री बिक्रम सिंह जन्तवाल, वित्त नियंत्रक वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | सदस्य |
| 4. | डा0 वी0 के0 पटेल, परीक्षा नियंत्रक, वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एच0एल0 मंडोरिया निदेशक ए.के.आई.टी. टनकपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 एम0के0 पांडा निदेशक डब्लू0आई0टी0 देहरादून | सदस्य |
| 7. | डॉ0 शराफत अली, प्राचार्य, सिद्धार्थ लॉ कालेज देहरादून | सदस्य |
| 8. | डॉ0 रोहित कुमार, एच0ओ0डी0 मैनेजमेन्ट, रामानन्द हरिद्वार | सदस्य |
| 9. | श्री अनुराग गुप्ता, कुलसचिव एस.डी.आई.एम.टी. हरिद्वार | सदस्य |
| 10 | डा0 सुभाष चन्द, निदेशक, आर.बी.एस.पी. लस्कर हरिद्वार | सदस्य |
| 11 | डा0गिरिश कुमार कपिल, प्राचार्य, चमनलाल लॉ कालेज रूड़की | सदस्य |
| 12 | डा0 एस0एस0 गुसाई, प्राचार्य, साई कालेज फार्मेसी. देहरादून | सदस्य |
| 13 | डा0 मनोज बिष्ट, प्राचार्य, देवस्थली विद्यापीठ. रूद्रपुर | सदस्य |
| 14 | श्री मनोज भारद्वाज, एच0ओ0डी0 देवस्थली विद्यापीठ. रूद्रपुर | सदस्य |
| 15 | श्री दीपक रावत, सहायक प्रोफेसर, एस0आई0एच0एम0 नई टिहरी | सदस्य |
| 16 | डा0 विकास गैरोला, सहायक प्रोफेसर ओ.आई.एम.टी.ऋषिकेश | सदस्य |
| 17 | डा0विजय कुमार उपाध्याय, कुलसचिव तुलास कॉलेज देहरादून | सदस्य |
| 18 | डा0 तारेश सिंह, निदेशक जी0आर0डी0आई0एम0टी0 देहरादून | सदस्य |
| 19 | डा0 अरविंद नेगी, निदेशक जी.आर.डी.फार्मेसी देहरादून | सदस्य |
| 20 | डा0 राजेश कुमार, प्राचार्य जागरण स्कूल ऑफ लॉ, देहरादून | सदस्य |
| 21 | श्री आकाशदीप रमोला, परीक्षा नियंत्रक कुकरेजा कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग देहरादून | सदस्य |
| 22 | डा0 प्रवीन कुमार अशोक, निदेशक, ज्ञानी इंदर सिंह इंस्टीटूट ऑफ प्रोफेशनल एण्ड इंडस्टीस देहरादून | सदस्य |
| 23 | डा0 विशाल रमोला, एच0ओ0डी फैक्लटी ऑफ टेक्नोलॉजी वी.मा.सि.भ. उ.प्रौ.वि.वि. देहरादून। | सदस्य |
| 24 | डॉ.अजीत सिंह,प्रभारी निदेशक, एन0पी0एस0ई0आई0 पिथौरागढ़ | सदस्य |
| 25 | डॉ0 प्रहलाद सिंह, निदेशक, शिवालिक कालेज ऑफ इंजी0 देहरादून | सदस्य |
| 26 | डॉ0 एस0के0 चौधरी, एसो0 प्रोफेसर जे.बी.आई.टी. देहरादून | सदस्य |
| 27 | डॉ कपिल कुमार, निदेशक, सम्राट पृथ्वीराज कालेज काशीपुर | सदस्य |
| 28 | डॉ केवल कुमार,निदेशक, आई0एम0टी0 काशीपुर | सदस्य |
| 29 | डॉ0 मुनीष कुमार शर्मा, निदेशक एस0आई0एम0टी0 रूद्रपुर | सदस्य |
| 30 | प्रो0 योगराज सिंह, निदेशक एस0आई0एम0टी0 काशीपुर | सदस्य |
| 31 | डा0 आर0आर0प्रसाद, निदेशक बी0एस0एम0 कॉलेज ऑफ इजी. रूडकी | सदस्य |

**विषयः वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बैठक के कार्यवृत्त प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में शैक्षिक सत्र 2024–25 में प्रवेश प्रक्रिया एवं संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों के सेवायोजन व एक्रिडिटेशन के सम्बन्ध में दिनांक 17 फरवरी, 2024 को अपरान्ह् 3:00 बजे विश्वविद्यालय कॉन्फ्रेन्स हॉल में सम्पन्न बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा बिन्दुओं पर लिये गये विनिश्चयों का कार्यवृत्त मा0 सदस्यों के अवलोकन प्रेषित किया जा रहा है।

सलंग्नक :—यथोपरि।

भवदीय

( प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :—

01 निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0, देहरादून, के सूचनार्थ प्रेषित
02 बेवमास्टर को ई—मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु।
03 कार्यालय प्रति।

( प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव

**दिनांक 17 फरवरी 2024 को अपरान्ह 3 बजे संपन्न संस्थान के निदेशकों के साथ हुई बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 17 फरवरी 2024 को समय 3:00 बजे अपराह्न वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के पंडित नारायण दत्त तिवारी कॉन्फ्रेन्स हाल में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में शैक्षिक सत्र 2024–25 में प्रवेश प्रकिया एवं संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रों के सेवायोजन व एक्रेडिटेशन के संबंध में विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध संस्थान एवं परिसर संस्थानों के निदेशकों की बैठक आहूत की गयी। जिसमें निम्न विश्वविद्यालय अधिकारियों तथा संस्थानों के निदेशक / प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ओंकार सिंह मा0 कुलपति, वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सत्येन्द्र सिंह, कुलसचिव, वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | सदस्य |
| 3. | श्री बिक्रम सिंह जन्तवाल, वित्त नियंत्रक वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | सदस्य |
| 4. | डा0 वी0 के0 पटेल, परीक्षा नियंत्रक, वी.मा.सि.भ.उ.प्रौ.वि.वि. | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एच0एल0 मंडोरिया निदेशक ए.के.आई.टी. टनकपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 एम0के0 पांडा निदेशक डब्लू0आई0टी0 देहरादून | सदस्य |
| 7. | डॉ0 शराफत अली, प्राचार्य, सिद्धार्थ लॉ कालेज देहरादून | सदस्य |
| 8. | डॉ0 रोहित कुमार, एच0ओ0डी0 मैनेजमेन्ट, रामानन्द हरिद्वार | सदस्य |
| 9. | श्री अनुराग गुप्ता, कुलसचिव एस.डी.आई.एम.टी. हरिद्वार | सदस्य |
| 10 | डा0 सुभाष चन्द, निदेशक, आर.बी.एस.पी. लस्कर हरिद्वार | सदस्य |
| 11 | डा0गिरिश कुमार कपिल, प्राचार्य, चमनलाल लॉ कालेज रूड़की | सदस्य |
| 12 | डा0 एस0एस0 गुसाई, प्राचार्य, साई कालेज फार्मेसी. देहरादून | सदस्य |
| 13 | डा0 मनोज बिष्ट, प्राचार्य, देवस्थली विद्यापीठ. रूद्रपुर | सदस्य |
| 14 | श्री मनोज भारद्वाज, एच0ओ0डी0 देवस्थली विद्यापीठ. रूद्रपुर | सदस्य |
| 15 | श्री दीपक रावत, सहायक प्रोफेसर, एस0आई0एच0एम0 नई टिहरी | सदस्य |
| 16 | डा0 विकास गैरोला, सहायक प्रोफेसर ओ.आई.एम.टी.ऋषिकेश | सदस्य |
| 17 | डा0विजय कुमार उपाध्याय, कुलसचिव तुलास कॉलेज देहरादून | सदस्य |
| 18 | डा0 तारेश सिंह, निदेशक जी0आर0डी0आई0एम0टी0 देहरादून | सदस्य |
| 19 | डा0 अरविंद नेगी, निदेशक जी.आर.डी.फार्मेसी देहरादून | सदस्य |
| 20 | डा0 राजेश कुमार, प्राचार्य जागरण स्कूल ऑफ लॉ, देहरादून | सदस्य |
| 21 | श्री आकाशदीप रमोला, परीक्षा नियंत्रक कुकरेजा कॉलेज ऑफ होटल मेनैजमेंट एण्ड कैटरिंग देहरादून | सदस्य |
| 22 | डा0 प्रवीन कुमार अशोक, निदेशक, ज्ञानी इंदर सिंह इंस्टीटूट ऑफ प्रोफेशनल एण्ड इंडस्टीस देहरादून | सदस्य |
| 23 | डा0 विशाल रमोला, एच0ओ0डी फैक्लटी ऑफ टेक्नोलॉजी वी.मा.सि.भ.उ. प्रौ.वि.वि. देहरादून। | सदस्य |
| 24 | डॉ.अजीत सिंह,प्रभारी निदेशक, एन0पी0एस0ई0आई0 पिथौरागढ़ | सदस्य |
| 25 | डॉ0 प्रहलाद सिंह, निदेशक, शिवालिक कालेज ऑफ इंजी0 देहरादून | सदस्य |
| 26 | डॉ0 एस0के0 चौधरी, एसो0 प्रोफेसर जे.बी.आई.टी. देहरादून | सदस्य |
| 27 | डॉ कपिल कुमार, निदेशक, सम्राट पृथ्वीराज कालेज काशीपुर | सदस्य |
| 28 | डॉ केवल कुमार,निदेशक, आई0एम0टी0 काशीपुर | सदस्य |
| 29 | डॉ0 मुनीष कुमार शर्मा, निदेशक एस0आई0एम0टी0 रूद्रपुर | सदस्य |
| 30 | प्रो0 योगराज सिंह, निदेशक एस0आई0एम0टी0 काशीपुर | सदस्य |
| 31 | डा0 आर0आर0प्रसाद, निदेशक बी0एस0एम0 कॉलेज ऑफ इजी. रूडकी | सदस्य |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व कुलसचिव द्वारा मा0 अध्यक्ष / कुलपति महोदय एवं समस्त निदेशकों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही समस्त प्रतिभागियों के परिचय के साथ प्रारम्भ की गई।

विश्वविद्यालय द्वारा आहूत समस्त निदेशकों की बैठक में कतिपय संस्थानों के निदेशकों के स्थान पर उनके प्रतिनिधियों के बैठक में प्रतिभाग करने तथा कुछ संस्थानों के प्रतिभाग न करने पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं संस्थानों के नीतिगत मामलो पर विचार हेतु आहूत बैठकों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की आपेक्षा की गई।

**बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

**1.प्रवेश में वृद्धिः–** विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में संपन्न एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत हुए ऑनलाइन प्रवेश का संकलित ब्योरा प्रस्तुत किया गया एवं इसमें परिलक्षित कठिनाईयों एवं उपलब्ध सुविधा पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद आगामी शैक्षिक सत्र 2024–25 में प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ किये जाने पर चर्चा की गयी। समस्त संस्थानों के निदेशकों से छात्रों के दाखिला बढाये जाने हेतु गत वर्ष के सफल आयोजन की भॉति इस वर्ष भी ऑनलाईन प्रवेश एकल खिड़की व्यवस्था के अन्तर्गत काउसिंलिंग से कराये जाने एवं विगत वर्ष की भॉति सफल ऑनलाइन प्रोविजनल पंजीकरण एवं प्रवेश प्रकिया हेतु सुझाव मांगे गये। उनके द्वारा गतवर्ष की तुलना में छात्र संख्या में समुचित वृद्धि किये जाने हेतु प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। तदुपरान्त शीघ्र ही ऑनलाइन प्रोविजनल पंजीकरण का कार्य तथा एकल खिडकी प्रवेश प्रकिया को विगत वर्ष की भॉति आरम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया।

सम्यक विचारोपरान्त संस्थानों के अनुरोध पर शैक्षिक सत्र 2024–25 में छात्रों की प्रवेश संख्या बढाये जाने हेतु निम्न समिति का गठन किया गया हैः–

| | | |
|---|---|---|
| प्रो0 योगराज सिंह, निदेशक एस0आई0एम0टी0 काशीपुर, | – | अध्यक्ष |
| डॉ0 केवल कुमार, निदेशक आई0एम0टी0 काशीपुर, | – | सदस्य |
| डॉ0 एम0के0 शर्मा, निदेशक एस0आई0एम0टी0 रूद्रपुर, | – | सदस्य |
| डॉ0 आर0आर0 प्रसाद, निदेशक बी0एस0एम0ई0का0 रूड़की, | – | सदस्य |
| डॉ0 मनोज बिष्ट, प्रार्चाय, देवस्थली विद्यापीठ रूद्रपुर, | – | सदस्य |
| डॉ0 सुभाष चन्द, निदेशक,आर0बी0एस0पी0 लस्कर, | – | सदस्य |
| डॉ0 शराफत अली, प्राचार्य, सिद्धार्थ लॉ कालेज देहरादून, | – | सदस्य |
| डॉ0 संदीप चौधरी,एसोसिएट प्रोफेसर,जेबीआईटी देहरादून, | – | सदस्य सचिव |

**2.छात्रों के सेवायोजनः–** उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के समस्त संस्थानों में वर्तमान में संचालित पाठयकमों तथा शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गयी जिसमें समस्त निदेशकों द्वारा अपने–अपने संस्थानों से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों एवं संचालित पाठयकमों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। जिसमें मा0 अध्यक्ष/कुलपति महोदय द्वारा सभी संस्थानों को हर स्तर पर शैक्षणिक सुधारों के लिए कदम उठाने की अपेक्षा करते हुए इसमें विश्वविद्यालय की तरफ से वांछित सहयोग प्राप्त करने हेतु संस्थानों को प्रेरित दिया गया। इसी कम में समस्त संस्थानों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में केन्द्रीकृत सेवायोजन प्रकोष्ठ की स्थापना विश्वविद्यालय में कर दी गयी है। इसके साथ ही डिग्री पूर्ण कर चुके छात्रों के सेवायोजन के लिए उद्योगों /संस्थानों से संर्पक स्थापित करते हुए योजनाबद्ध तरीके से निश्चित कार्ययोजना बनाकर अधिक से अधिक छात्रों को सेवायोजन किये जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। सभी संस्थानों से अधिकाधिक संख्या में छात्रों के प्लेसमेंट के प्रयास करने की अपेक्षा की गई।

**3.छात्रों की कक्षा में उपस्थितिः–**बैठक में छात्रों की उपस्थिति के संबंध में चर्चा हुई। माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी संस्थानों को निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय के यू0एम0एस0 पोर्टल पर छात्रों की उपस्थिति को प्रतिदिन अपलोड किया जाए। इस बावत विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को न्यूनतम उपस्थिति होने की समय–समय पर सलाह व चेतावनी दिए जाने की अपेक्षा की संस्थानों से की गई। परीक्षा नियंत्रक द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि विगत में प्रेषित सूचना के कम में आगामी परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करने हेतु न्यूनतम उपस्थिति का होना अनिवार्य होगा। **UMS** के **Attendance Management System** पर उपलब्ध एवं संकलित उपस्थिति के आधार पर निर्धारित सीमा से कम उपस्थिति होने की दशा में प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगें।

**4.लंबित प्रोवीजनल पंजीकरण Enrolment के संबंध में** :–विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा सत्र 2022–23 एवं 2023–24 के प्रवेशित छात्रों के अभिलेखों की कमी के कारण हुए प्रोवीजनल पंजीकरण को तत्काल ठीक कराने हेतु सभी संस्थानों जिनका विवरण संलग्न है। **(संलग्नक–1)**से अनुरोध किया गया। परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि प्रोवीजनल पंजीकरण के कारण प्रथम वर्ष के छात्रों की अंकतालिका का मुद्रण रूका हुआ है।

**5.परीक्षा संचालन व्यय की प्रतिपूर्ति के संबंध में**:–बैठक में उपस्थित कतिपय संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय की विगत में संपन्न परीक्षाओं के संचालन में हुये व्यय की प्रतिपूर्ति में हो रहे विलम्ब की ओर ध्यान आकर्षित किया जिस पर मा0 कुलपति द्वारा परीक्षा नियंत्रक को उनकी सहमति के उपरांत दो माह में समस्त लंबित देयताओं का भुगतान हेतु कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

**6.** संस्थानों के **NBA एवं NAAC Accreditation की प्रगतिः**– विश्वविद्यालय द्वारा 23 जुलाई 2022 को समस्त निदेशकों के साथ संपन्न बैठक में लिये गये निर्णयानुसार 2024 तक समस्त संस्थाओं में **NBA एवं NAAC Accreditation** की समीक्षा की गई। विश्वविद्यालय के तीन सम्बद्ध संस्थानों को **NBA एवं NAAC Accreditation** को छोडते हुए समस्त सम्बद्ध संस्थानों में **NBA एवं NAAC Accreditation** पर चर्चा की गयी। विश्वविद्यालय की 02.09.2022 को संपन्न विद्या परिषद में समस्त संस्थानों के **NBA व NAAC Accreditation** होने बावत लिए गये निर्णय के कम में समस्त संस्थानों से पुनः अनुरोध किया गया कि शैक्षणिक सुधारों के साथ–साथ गुणवत्ता बढ़ाये जाने हेतु लगातार प्रयास किये जाने आवश्यक है। इस पर संस्थानों के निदेशकों द्वारा अपनी संस्थान में इससे संबंधित जानकारी बैठक में प्रस्तुत की गयी। इसी कम में कतिपय संस्थानों द्वारा अवगत कराया गया कि NAAC Accreditation संबंधी कार्यवाही किये जाने हेतु IQAC का गठन एवं SSR रिपोर्ट भरने की प्रकिया गतिमान है। इसी कम में संस्थानों को मा0 कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि Engineering and Technology, Management क्षेत्र के संस्थान NAAC के साथ–साथ **NBA Accreditation** हेतु भी आवेदन करें तथा अन्य समस्त संस्थानों को **NAAC Accreditation** शीघ्रातिशीघ्र प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मा0 अध्यक्ष / कुलपति महोदय द्वारा शिक्षा को सुदृढ एवं गुणवत्तापरक बनाये जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही सभी संस्थानों को **NIRF Ranking** में भी आवेदन किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है।

**7.शैक्षणिक सत्र 2024–25 के एकेडमिक कैलेण्डर के संबंध में**:–सत्र 2024–25 की शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन हेतु विश्वविद्यालय के प्रस्तावित एकेडमिक कलैण्डर 2024–25 पर चर्चा की गयी एवं तद्नुसार कार्यवाही हेतु सभी के द्वारा सहमति दी गयी। **(संलग्नक–2)**

अंत में मा0 कुलपति महोदय एवं सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही बैठक सम्पन्न हुई।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार**

(प्रो0 सत्येन्द्र सिंह)
कुलसचिव।

(प्रो0 ओंकार सिंह)
कुलपति।